मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com


# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY संपादक : छोटेलाल शर्मा

वर्ष - 11 अंक -06 मुंबई, सोमवार, दिनांक 30 अक्टूबर से 05 नवंबर 2023 पृष्ठ : 04 कीमत : 3 /- रुपये

## नवी मुंबई में कलयुगी बेटे ने मामूली कहासुनी पर की मां की गला घोंटकर निर्मम हत्या




**ठाणे :** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में एक युवक ने मामूली कहासुनी के बाद अपनी 46 वर्षीय मां की शनिवार देर रात कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। तुर्भे पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि घटना कोपरी गांव के एक अपार्टमेंट में हुई और हत्या के आरोप में रूपचंद रहमान शेख (21) नामक युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। अधिकारी के मुताबिक, सलमा उर्फ जहांआरा खातून अपार्टमेंट अपने बेटे के साथ रहती थी और शेख की बेरोजगारी को लेकर दोनों के बीच अक्सर कहासुनी होती थी।

उन्होंने बताया कि ऐसी ही एक कहासुनी के बाद आरोपी ने गुस्से में आकर देर रात करीब डेढ़ बजे अपनी मां की गला घोंटकर हत्या कर दी। अधिकारी के अनुसार, पुलिस को सतर्क कर दिया गया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि मृत महिला की बेटी की शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया है।

# फिलिस्तीन-इजरायल युद्ध में मुंबई के मुसलमान फिलिस्तीन के साथ

**मुंबई :** फिलिस्तीन-इजरायल युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है। दोनो तरफ हो रही मौतें और तबाही से मुंबई के मुसलमानों में भय मिश्रित आक्रोश बढ़ता जा रहा है। फिलिस्तीन के समर्थन और इजरायल के खिलाफ लोग सड़कों पर उतरने लगे हैं। वहीं मुस्लिम संगठनों ने केंद्र सरकार से दखल देकर युद्ध रुकवाने की अपील भी की है। इसके बावजूद युद्ध में नरसंहार तेज होता जा रहा है। फिलिस्तीन और इजरायल की लड़ाई नई नहीं है।



1948 के पहले फिलिस्तीन के पूरे इलाकों में मुसलमानों का नियंत्रण था। 1948 में इजरायल देश बना, 1948 के पहले 1517 में इस क्षेत्र में 98 प्रतिशत मुसलमान और 1.7 प्रतिशत यहूदी रहते थे। यहूदी धर्म के लोगों ने फिलिस्तीन में एक तरह से शरण ली थी। जिसे फिलिस्तीन के मुसलमानों ने रोका नहीं बल्कि उनका सहयोग किया। दोनो में किसी भी बात को लेकर कोई नफरत की भावना नहीं थी। दोनो में भाईचारा था, लेकिन प्रथम विश्व युद्ध के बाद दोनों में धीरे धीरे नफरत की भावना फैलने लगी। 1917 में फिलिस्तीन में यहूदियों की आबादी सिर्फ 8.8 फीसदी थी। 1947 में 32 प्रतिशत यहूदी यहां आकर रहने लगे। फिलिस्तीन में यहूदियों की संख्या में तेजी से वृद्धि का कारण पश्चिमी देशों में उन पर अत्याचार हो रहे थे और वो अपनी जान बचाने के लिए फिलिस्तीन में आ कर बसने लगे और उनकी आबादी बढ़ गई। 1917 में जो इलाका फिलिस्तीन के पास था वो इजराइल के कब्जे में हो गया और अब यहां 74 प्रतिशत यहूदियों की आबादी है, एक दूसरे के इलाकों पर कब्जे को लेकर छिड़ा युद्ध मानव जाति के लिए विनाशक साबित होता जा रहा है और विश्व के देशों द्वारा दो गुटों में एक दूसरे को समर्थन और सहायता देने से तृतीय विश्व युद्ध होने का खतरा मंडराने लगा है। मुंबई के मुसलमानों को फिलिस्तीन से दिली मोहब्बत और यकीदा है। क्योंकि फिलिस्तीन मुसलमानों के बुजुर्गों और ओलिया की जन्म स्थली है, यही वजह है कि इजराइल द्वारा फिलिस्तीन के इलाकों पर बमबारी करने और मिसाइल दागने से मुसलमानों में भयमिश्रित आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मुंबई के मुसलमानों ने कुछ जगहों पर इजरायल के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। लेकिन पुलिस ने प्रदर्शन करने की इजाजत नहीं दी बावजूद इसके प्रदर्शन करने पर लोगों पर मामले दर्ज किए गए। गोवंडी, भिंडी बाजार, मदनपुरा, बेहराम पाड़ा जैसे मुस्लिम इलाकों में भी कई मुस्लिम संगठनों ने इजरायल के खिलाफ प्रदर्शन कर युद्ध रोकने की मांग की। लेकिन बड़े पैमाने पर ऐसा करने की इजाजत नहीं दी गई, लोगों में भय व्याप्त है कि भारतीय सरकार इजरायल के समर्थन में है। इसलिए इजरायल के खिलाफ विरोध जताने की पाबंदी लगाई गई है, जो कि असंवैधानिक है, लोगों को अपना विरोध दर्ज कराने का अधिकार संविधान ने दिया है। दारुल उलूम बरकतिया हो या दारुल उलूम मोहम्मदिया सभी के लोगों का कहना है कि हम फिलिस्तीन के साथ है वहां हमारे पीर बुजुर्गों की मजारें हैं, इजरायल ने आतंकवाद का घिनौना रूप दिखा दिया है, जिसने उसे पनाह दी उसी की जगह पर कब्जा करके आज उसी को तबाह करने लगा है, मुंबई के मुसलमानों ने फिलिस्तीन इजरायल युद्ध में फिलिस्तीन के साथ होने का दावा करते हैं और विनाश रोकने के लिए सभी देशों को आगे आने की मांग करते हैं।

## केरल में ईसाइयों की एक सभा में तीन सीरियल हुए धमाके... यहूदी धर्मस्थलों की बढ़ाई गई सुरक्षा



**केरल :** केरल में ईसाइयों की एक सभा में तीन सीरियल धमाके हुए हैं, जिसमें एक शख्स की मौत की खबर सामने आई है. वहीं केरल में धमाके के बाद मुंबई अलर्ट पर है और यहां यहूदी धर्मस्थलों पर हाई लेवल सिक्योरिटी लगा दी गई है. दरअसल, मुंबई और पुणे में यहूदी धर्म के लोगों के धर्मस्थल हैं हालांकि मुंबई में हाई लेवल सिक्योरिटी पहले से ही थी, लेकिन केरल धमाके के बाद पुलिस यहां नजर रख रही है.

केरल में हादसे की खबर उस दौरान सामने आई जब कोच्चि के एक कंवेंशन सेंटर में प्रार्थना सभा चल रही थी, उस वक्त प्रार्थना के लिए 2000 से ज्यादा लोग जुटे हुए थे. इस धमाके के बाद सभा में चीख-पुकार मच गई. धमाके के बाद सामने आई तस्वीरों में टूटे कांच और फर्नीचर को देखा जा सकता है. जैसे ही हादसे की खबर मिली केरल एटीएस समेत शीर्ष पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे. पूरे इलाके को घेर लिया गया है और सुरक्षा के मद्देनजर लोगों को यहां आने से रोका जा रहा है. एक के बाद एक धमाके से यहां लोगों में डर का माहौल है.

## पालघर पुलिस ने महिला की हत्या के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार... 1 आरोपी फरार

**पालघर :** पालघर जिले की सफाले पुलिस ने राजेश बिजेर सोनार (21), करण मान सिंह (30) नामक हत्या के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कर लिया है। चार महीनों पहले पदमा बहादुरसिंह बिक(57) नामक हुई एक महिला के हत्याकांड को सुलझाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि इस हत्याकांड का एक आरोपी अभी भी फरार है। मृतक महिला मूलरूप से नेपाल की रहने वाली थी। पालघर के एसपी बालासाहेब पाटिल ने बताया कि, जून महीने में सफाले के माकणे में ऑस्टर बिल्डिंग 9 स्टार लैंडमार्क के पास मांडे गांव के मुजबादेवी



मंदिर के सामने कुछ दूरी पर खेती में लावारिस अवस्था में इस महिला का शव मिला था। जिसके बाद से पुलिस की एक टीम इन आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। यह सब आरोपी संदिग्ध के घेरे में थे, लेकिन इनके खिलाफ कोई पुख्ता सबूत नही होने के कारण पुलिस इन्हें गिरफ्तार नही कर पाई थी।

लेकिन मिले तांत्रिक सबूतों के आधार पर पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर पूछताछ किया तो इस हत्याकांड से पर्दा उठ गया। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि, महिला के गहने चोरी करने के इरादे से इन्हों ने महिला की दुपट्टे से गला रेतकर हत्या की थी। हत्या के बाद उसके गहने लेकर यह फरार हो गए थे।

## उत्तर भारतीय एस सी ओ.बी.सी. एकता मंच मुम्बई का गठन शीघ्र

उत्तर प्रदेश और बिहार से आये हुए अनुसूचित जाति, जन जाति एवं अन्य पिछड़ी जाति एकता मंच का गठन शीघ्र किया जायेगा जिसमें वार्ड अध्यक्ष से लेकर जिला अध्यक्ष एवं मुम्बई कमेटी का शीघ्र गठन किया जायेगा और राजनीतिक पाटीर्यों से मांग किया जायेगा कि मनपा चुनाव, विधान सभा चुनाव, एवं लोक सभा चुनाव में उत्तर भारत से आये हुए अनुसूचित जाति एवंम अन्य पिछड़ी जाति को भी चुनाव में टिकट दिया जाय।

अभी तक महाराष्ट्र के विधान सभा और लोक सभा चुनाव मे



सभी पार्टिया उत्तर भारतीय उच्च जातियों को टिकट देती आई है लेकिन अब ऐसा नही चलेगा क्योंकि मुम्बई मे उत्तर भारतीयों में एस सी, ओबी सी के लोग भारी जनसंख्या मे निवास करते है परन्तु अभी तक इनको वोटर मानते है इस बार के सभी चुनाव मे हमारी भागीदारी मिलनी चाहिए। जो पार्टी एस सी, ओ बी सी को टिकट देगी उस पार्टी को इस समाज के लोग वोट करेंगे। उत्तर भारतीय एस सी, ओ बी सी एकता मंच के संयोजक जगदीश कनोजिया ने ये बात कही है और शीघ्र ही संगठन के ऊपर काम करना शुरू हो जायेगा।

**संगठन से जुड़ने के लिए जगदीश कनोजिया से मोबाइल नंबर 9004727598 और छोटेलाल शर्मा से मोबाइल नंबर 9819862172 पर संपर्क करें।**


## कदम कदम पर
## कैलेण्डर 2024



## विज्ञापन दर

| | |
|---|---|
| विजिटिंग कार्ड साईज | : प्रति माह 2000/- |
| विजिटिंग कार्ड साईज | :12 माह 20000/- |
| डबल वि. कार्ड साईज | : प्रति माह 3000/- |
| विजिटिंग कार्ड साईज | : 12 माह 30000/- |

कैलेंडर हेतु विज्ञापन की अंतिम तिथि 30 नवंबर 2022

संपादक - छोटेलाल शर्मा

मो.:09819862172

प्रबंध संपादक - अनिल शर्मा

मो.:09833329721

नोट :चेक, डीडी. 'कदम कदम पर' के नाम से जारी करें.

Email : kadamkadampar1@gmail.com

A/c Name : Kadam Kadam Par
Branch : Kanjurmarg (East), Mumbai - 78.
Bank of Maharashtra Kanjur Marg (W)
A/c No. : 60342646436
IFC Code : MAHB0000397



## संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव

पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की तेज होती तैयारियों के बीच मध्य प्रदेश में सीटों के बंटवारे को लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच जो कड़वा विवाद सामने आ गया, उसके नतीजे न तो मध्य प्रदेश तक सीमित रहने वाले हैं और न ही विधानसभा चुनावों तक। समाजवादी पार्टी के चीफ अखिलेश यादव ने कह भी दिया है कि जब लोकसभा चुनावों के लिए सीटों के बंटवारे की बात होगी, तब यूपी में कांग्रेस के साथ वह वैसा ही व्यवहार करेंगे जैसा उनके साथ मध्य प्रदेश में किया गया है। हालांकि यह बात पहले से कही जाती रही है कि विपक्षी दलों का I.N.D.I.A. गठबंधन राष्ट्रीय स्तर पर और लोकसभा चुनावों के लिए किया गया है। तो उसमें ऐसी कोई बात नहीं है जो अखिलेश यादव या उनकी समाजवादी पार्टी को समझ न आए। लेकिन सवाल यह है कि अगर बात इतनी ही साफ थी तो फिर मध्य प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने विधानसभा चुनावों को लेकर उससे कोई बातचीत शुरू ही क्यों की। क्यों उन नेताओं को इन चुनावों की रणनीति पर विचार-विमर्श के लिए बुलाया गया और जैसा कि समाजवादी पार्टी का दावा है, उसके लिए छह सीटें छोड़ने की तैयारी भी दिखाई गई और क्यों बाद में बिना किसी स्पष्टीकरण के सभी सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशी घोषित कर दिए गए? इस प्रकरण पर कांग्रेस का कोई आधिकारिक बयान अभी नहीं आया है लेकिन यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने जो प्रतिक्रिया अखिलेश यादव के बयान पर दी है उससे इतना जरूर स्पष्ट होता है पार्टी इस मसले पर बचाव की मुद्रा में नहीं है।

उसका कहना है कि मध्य प्रदेश में 22 सीटों पर उम्मीदवार खड़े करके समाजवादी पार्टी ने बीजेपी की मदद करने की अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है। बहरहाल, इस आरोप-प्रत्यारोप और तीखी बयानबाजी के बीच भी कोई I.N.D.I.A. गठबंधन के खिलाफ कुछ नहीं बोल रहा। समाजवादी पार्टी ने भी यह नहीं कहा कि वह कांग्रेस या अन्य विपक्षी दलों के साथ लोकसभा चुनावों में गठबंधन नहीं करेगी। उसका कहना सिर्फ यह है कि उस समय कांग्रेस के साथ जैसे को तैसा की तर्ज पर व्यवहार किया जाएगा। इसका सही मतलब दरअसल क्या है यह उसी समय स्पष्ट होगा, लेकिन अभी इतना जरूर कहा जा सकता है कि अगर सचमुच विपक्षी दल I.N.D.I.A. गठबंधन को लेकर गंभीर हैं और इसे बनाए रखना चाहते हैं तो उन्हें अपने मतभेदों को निपटाने का कोई बेहतर तरीका ढूंढना चाहिए। जो मतभेद समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच उपजे हैं, वे AAP समेत तमाम अन्य क्षेत्रीय दलों के साथ भी उभर सकते हैं। ऐसे में एक-दूसरे की सार्वजनिक आलोचना करते ये दल जब कुछ महीने बाद लोकसभा चुनाव के मौके पर गलबंहिया डाले नजर आएंगे तो आम मतदाताओं के लिए उनके गठबंधन की विश्वसनीयता स्वाभाविक ही संदिग्ध होगी।

# राजकुमार ठाकुर नंदवंशी जिला अध्यक्ष व दीपक बने प्रदेश अध्यक्ष

दिनांक 26 अक्टूबर 2023 को राष्ट्रीय नाई महासभा जिला इकाई मुजफ्फरपुर में एक कोर कमेटी कहां बैठक जिला परिषदन (सर्किट हाउस) मुजफ्फरपुर में प्रदेश महासचिव श्री राम नरेश ठाकुर जी के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन युवा नेता दीपक ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय नाई महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मान्यवर आजाद गांधी जी उपस्थित हुए। बैठक में सर्वसम्मति से मुजफ्फरपुर के जिला अध्यक्ष पद पर राजकुमार ठाकुर नंदवंशी को पुनः निर्वाचित हुए। वहीं युवा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक ठाकुर जी को मनोनीत किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने राजकुमार ठाकुर नंदवंशी दीपक ठाकुर जी को फूल माला देखकर स्वागत एवं अभिनंदन किया।

जिला अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने के बाद राजकुमार ठाकुर नंदवंशी ने कहा की नाई समाज को जो आज राजनीतिक भागीदारी होनी चाहिए, आज इसका घोर अभाव है। समाज के मजबूती के लिए



एकजुटता का प्रदर्शन करना होगा। तभी जाकर उचित भागीदारी मिलेगी। इसके लिए पंचायत स्तर पर सदस्यता अभियान चलाई जाएगी। वहीं राष्ट्रीय नाई महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आजाद गांधी ने 4 नवंबर 2023 को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में होने वाला नाई समाज के महारैली में भाग लेने के लिए मुजफ्फरपुर जिले के तमाम लोगों को आमंत्रित किया।

साथ ही बिहार में हुई जातीय जनगणना के लिए बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार एवं उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव जी को धन्यवाद दिया।

युवा प्रदेश अध्यक्ष दीपक ठाकुर ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए बिहार सहित पूरे देश में नाई समाज के युवाओं को आगे बढ़कर लड़ाई लड़ने की आवश्यकता है।

मौके पर मुख्य स्वरूप से राष्ट्रीय सचिव श्री संजय ठाकुर,श्री महेंद्र ठाकुर, मुखिया संजय ठाकुर ,श्री मोतीलाल ठाकुर, श्री शेखर ठाकुर, श्री नरेश शर्मा ,श्री राज किशोर शर्मा, डॉक्टर गोपाल ठाकुर ,श्री राम मिलन ठाकुर, श्री राम बालक ठाकुर, सेवानिवृत शिक्षक श्री अमरेंद्र ठाकुर, श्री उमेश ठाकुर शिक्षक, धर्मराज ठाकुर, श्री राम सागर ठाकुर, श्री उपेंद्र ठाकुर, श्री अरुण ठाकुर, श्री विजय ठाकुर,श्री सत्येंद्र ठाकुर, लालू विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिवचंद्र राय, दलितों का नेता श्री अजय राम, चंदन ठाकुर, चंदन यादव, श्री महेश ठाकुर, डॉ. दीपक ठाकुर, श्री राम पुकार ठाकुर, श्री मुकेश ठाकुर, डॉक्टर प्रमोद ठाकुर, श्री गोलू ठाकुर, श्री होरिल ठाकुर, श्री मंटू ठाकुर, बबलू ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर, अमरेंद्र यादव, कृष्ण कुमार अधिवक्ता, आदित्य कुणाल विनोद, राकेश पासवान सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# महानगरी को.आप.क्रेडिट सो.लि.की नई कार्यकारिणी









**मुंबई** - महानगरीको.आप. क्रेडिट सोसायटी लिमिटेड,मुलुंड प.की नई कार्यकारिणी का चयन सर्व सम्मति से केशवपाड़ा,पी.के. रोड,मुलुंड प.स्थित कार्यालय पर संपन्न हुआ।

अध्यक्ष-डॉ.बाबुलाल सिंह, उपाध्यक्ष- प्रदीप गांगुर्डे, सचिव-डॉ.सचिन सिंह, कोषाध्यक्ष- सुरेंद्र मिश्रा, कार्यकारिणी सदस्य-कमला मुरारी सिंह, राम अचल पटेल,श्रीमती जयबाला सिंह, उर्मिला सिंह,अवधेश पटेल,गायत्री सिंह, इस अवसर पर मैनेजर-सुनीता श्रीवास्तव,सहकारी-श्रीमती आरती सिंह, राजकुमार सिंह, रवि बरनवाल का सम्मान नई कार्यसमिती सदस्यों द्वारा किया गया।

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
संरक्षक
**जे.पी. शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा**
आर्थिक सलाहकार
**सतीशचंद्र गुप्ता**
प्रतिनिधि
**सौरभ उमेश प्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
**कानूनी सलाहकार**
**एड. बी.एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
मो. ९४५२७९१५७०
**(न्याय क्षेत्र मुंबई)**
**सभी पद अवैतनिक हैं**
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३

# विवेक सिंह को पीएचडी हेतु प्रधानमंत्री रिसर्च फेलोशिप प्रदत्त



**मुंबई-** मुंबई के पुर्व महापौर स्व.आर.आर.सिंह के पौत्र विवेक वीरेंद्र कुमार सिंह को दिनांक 26.10.2023 को पी एच डी करने हेतु पीएमआरएफ (प्रधानमंत्री रिसर्च फेलोशिप) प्रदान किया गया है। आई.आई.टी.मद्रास द्वारा भेजे गये पत्र के अनुसार विवेक सिंह एन.आई.टी. त्रिचुरापल्ली में फिजिक्स पर डॉ.जे. हेमलता के मार्गदर्शन में पीएचडी करेंगे। इसके पूर्व विवेक सिंह (29 वर्ष) ने मुंबई विश्वविद्यालय से एम.एस.सी.,फिजिक्स तथा एम.सी.ए. किया। स्कॉलर विवेक द्वारा पीएचडी हेतु हुई परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने पर उन्हें पीएमआरएफ योजना में चयनित किया गया। विवेक सिंह मूलतः ग्राम बसारतपुर, चुनार,



मीरजापुर के निवासी हैं। विवेक सिंह की उपलब्धि पर वरिष्ठ समाज सेवक डॉ.बाबुलाल सिंह पटेल, डॉ.हरीश सिंह, डॉ.आर.आर.सिंह, डॉ. सचिन सिंह,डॉ.दीपक सिंह,डॉ.



**विजयादशमी पथ संचलन और उत्सव के मुख्य अतिथिः श्री समीर वानखेड़े जी (IRS officer) से मुलाकात करते हुए हरिशंकर (मुन्ना) शर्मा,**



मिट्टी को नमन... वीरों का वंदन मेरी माटी मेरा देश
अमृत कलश महोत्सव का समान समारोह कांजूरमार्ग मुंबई



देवगिरी हॉस्पिटल वैजापूर के डॉ गणेश अग्रवाल इनका सम्मान करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता धोंडीराम सिंह ठाकुर सर, महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन के अध्यक्ष अशोक पवार।।

# नंदवंशीय प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह संपन्न

नंद, नाई, सेन, सविता समाज का प्रमुख सामाजिक संगठन ऑल इण्डिया महापदानंद कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश जनपद प्रयागराज इकाई के तत्वाधान में आज नंदवंशी छात्र-छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह स्थानीय अखिल भारतीय सरदार पटेल सेवा संस्थान, अलोपी बाग, प्रयागराज के किसान भवन सभागार में हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि मा० अवधराज नंद, राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी का संस्थान के मुख्य द्वार पर स्वागत करते हुए लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के पश्चात तुमुल हर्ष ध्वनि के साथ सभागार में स-सम्मान ले जाया गया। मुख्य अतिथि सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों के साथ महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण पुष्पांजलि व दीप प्रज्वलित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मा० शिवशंकर नंद ने किया। अन्य मंचासीन लोगों में सर्वश्री अवधराज नद मुख्य अतिथि, रघुनाथ प्रसाद नंद राष्ट्रीय अध्यक्ष रामशील शर्मा एडवोकेट राष्ट्रीय विधि परामर्शी उदय नारायण नंद प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी, आदित्य नारायण सेन पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एमपी वर्मा नंद प्रदेश संरक्षक, डॉ० लक्ष्मीकांत शर्मा मंडल अध्यक्ष तथा श्रीमती रंजना वर्मा मंडल उपसचिव उपस्थित रहे।

सभी अतिथियों का बैज लगाकर स्वागत किया गया तत्पश्चात बुद्ध वंदना, त्रिशरण पंचशील का पाठ कराया गया। संचालन मा० आदित्य नारायण सेन तथा मा० शिव आधार शर्मा महानगर अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से किया। माननीय एन० के० वर्मा जिला संरक्षक ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों अन्य आमंत्रित अतिथिगण, महिलाएं, बच्चों, मीडिया कर्मी तथा सुरक्षा कर्मियों का हार्दिक स्वागत, वंदन, अभिनंदन करते हुए इस कार्यक्रम की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला गया। नंद समाज की लड़कियों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया जिसकी सराहना की गई। माननीय मुख्य अतिथि महोदय ने समारोह का विधिवत उद्घाटन करते हुए समारोह की सफलता की कामना की।

इस समारोह में प्रथम चक्रवर्ती सम्राट महापद्मनंद नंद के साथ ही जननायक कर्पूरी ठाकुर की जन्मशती भी मनाई गई। वक्ताओं ने प्रथम चक्रवर्ती सम्राट महापद्मनंद तथा जननायक कर्पूरी ठाकुर के जीवन वृतांत पर प्रकाश डाला तथा जननायक कर्पूरी ठाकुर के जन्म शताब्दी के अवसर पर भारत सरकार से उन्हें भारत रत्न दिए जाने की मांग की गई। ज्ञातव्य है की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के निर्देश पर 26 अक्टूबर को ही माननीय प्रधानमंत्री जी को रजिस्टर्ड पत्र द्वारा जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने की मांग की जा चुकी है, साथ ही ऐसे समारोहों की आवश्यकता पर बल दिया गया। इस समारोह में लगभग 45 प्रतिभावान बच्चे हाई स्कूल, 20 लड़के इंटरमीडिएट एवं उच्च शिक्षा के 3 बच्चों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, भारतीय संविधान की पुस्तक, नंद राजवंश का गौरवशाली इतिहास नामक पुस्तिका देते हुए बैज लगाकर सम्मानित किया गया।

सम्मान की इस कड़ी में सर्वश्री एस०के०पी० नंद प्रधान संपादक नंदयुग, घनश्याम दास शर्मा एडवोकेट राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सहित कौशाम्बी, फतेहपुर, प्रतापगढ़, जौनपुर, रायबरेली, बलिया, चित्रकूटधाम के अध्यक्षों के साथ ही समाज के अन्य वरिष्ठ तथा संभ्रांत नागरिकों तथा संगठन के मंडलीय, जनपद, महानगर, तहसील, ब्लाक के पदाधिकारी को बैज लगाकर, स्मृति चिन्ह सहित स्वागत किया गया। मंचासीन तथा अन्य जनपदों से पधारे प्रमुख पदाधिकारियों को शाल, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संगठन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एवं इस कार्यक्रम में तन मन धन से सहयोग प्रदान करने वाले पदाधिकारियों को विशेष रूप से सम्मान- पत्र, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

भोजनावकाश के पूर्व संगठन की वार्षिक पत्रिका ह्ननंद युग का तथा नन्द राजवंश का गौरवशाली इतिहासह्न का विमोचन मा०राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अन्य मंचासीन पदाधिकारियों द्वारा संपन्न हुआ। समारोह में सर्वश्री अवधराज नंद मुख्य अतिथि, रघुनाथ प्रसाद नंद, रामशील शर्मा एडवोकेट, उदय नारायण नंद आदित्य नारायण सैन, एम०पी० वर्मा नंद, डॉ० लक्ष्मीकांत शर्मा, श्रीमती रंजना वर्मा, एस०के०पी० [नंद घनश्याम दास शर्मा एडवोकेट, गिरीश कुमार शर्मा, रामलोचन सेन, बृजेंद्र नाथ शर्मा दिनेश कुमार वर्मा, लाल चंद्र सेन संजय कुमार शर्मा, अमित सिंह, मनोज कुमार प्रधान सुरजीत कुमार शर्मा एड०, डॉ० पी०एन ठाकुर, लाल बहादुर शर्मा, नथुनीराम नन्द नरेंद्र कुमार शर्मा, राम सजीवन सेन सुरेन्द्र कुमार शर्मा, सुशील कुमार शर्मा, इ० सुरेश चंद्र, डॉ. अश्विनी कुमार शर्मा, धर्मेंद्र कुमार शर्मा, जयराम शर्मा, शिव कुमार सेन, चंद्रिका प्रसाद शर्मा, राम जी सविता, रमेश चंद्र शर्मा, आदित्य प्रकाश, देवेंद्र कुमार शर्मा, जय राम शर्मा, बृजेश कुमार शर्मा, मणि शंकर शर्मा, वश राज शर्मा, लक्ष्मी कांत शर्मा, राम सुचित सविता सुरेन्द्र सिंह, रोहित शर्मा, कुछ शालिनी शर्मा श्रीमती संगीता शर्मा, श्रीमती विजय लक्ष्मी वर्मा, रिचा शर्मा, प्रियंका शर्मा, मैनेन्द्र सिंह आदि ने भी अपने विचार प्रकट किया। कार्यक्रम के अंत में सभा अध्यक्ष माननीय शिव शंकर नंद ने मुख्य अतिथि सहित सभी आगंतुकों का पुनः स्वागत वंदन करते हुए आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम के सभी कार्यकताओं को भी धन्यवाद ज्ञापित किया तथा समारोह के समापन की घोषणा की गई।






**प्रिय बंधुओं,**

**विगत कुछ महीनों से, मुझे कुछ गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, मेरी हाल की रिपोर्ट में डिटेक्ट बीमारी निहायत चिंता जनक हैं। दोस्तों डॉक्टरी परामर्श के साथ आगे बढ़ रहा हूं परिणामस्वरूप साझा संदेश आप सभी का ध्यान इस ओर केंद्रित करना है कि सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्मो से मैं अपने आपको लंबे समय तक अस्थायी दूरियां बना रहा हूं इस आपदा से उभरने में मुझे कई महीने लगेंगे। यहां पर आप सभी को आश्वस्त करता हूं कि स्वास्थ्य बेहतर महसूस होते ही आप सभी के साथ फिर से जुड़ने का प्रयास करूंगा।**

**इस साझा संदेश को जानकारी के तौर पर लें, विनम्र आग्रह संपर्क साधने की जहमत ना करें क्योंकि मैं संवाद करने में असमर्थ हूं!**

**हमारा 'स्वास्थ्य'**
**हमारी सबसे बड़ी सम्पति है,**
**इसका अहसास तब होता है जब हम इसे खो देते हैं.!**

**राम राम**
**सादर**
**राजन शर्मा**

**महाराष्ट्र शासन**
**कार्यकारी अभियंता यांचे कार्यालय,**
**दक्षिण मुंबई (विद्युत) सा.बां.विभाग, मुंबई**
**बांधकाम भवन, १ ला मजला, मर्झबान रोड, फोर्ट, मुंबई-०१.**

**मेल पत्ता :-** elsouthmumbai.ee@mahapwd.gov.in **दूरध्वनी क्रमांक-०२२-२२००८४४८**

**ई निविदा सुचना क्र. २९ सन २०२३-२४**

कार्यकारी अभियंता दक्षिण मुंबई (विद्युत) विभाग, सा.बां.विभाग, मुंबई फोर्ट, मुंबई, महाराष्ट्र शासनाच्या सार्वजनिक बांधकाम खात्याकडून विद्युत अनुज्ञापतीधाकर कंत्राटदाराकडून खालील कामाकरिता प्रारुप बी-१ नमून्यातील निविदा ई-निविदा प्रणालीव्दारे (ऑनलाईन) निविदा मागवित आहेत. निविदा कादपत्र शासनाच्या संकेतस्थळावर https://mahatenders.gov.in येथून डाऊनलोड करण्यात यावी. तसेच निविदा स्वीकारण्याचा अथवा नाकारण्याचा अधिकार अधीक्षक अभियंता (वि), मुंबई प्रादेशिक विदयुत मंडळ, सा.बां. विभाग मुंबई यांना राखून ठेवला आहे. अट असलेली निविदा स्वीकारण्यात येणार नाही.

**कामाचे नांव :-** 1) Est.No.SDR / C / GT / 5674 of 2023-24 Providing replacement to the old and deteriorated Lift1, 2 and 3 [Grd+1st Flr+Service Flr + Second to tenth Flr=12Stops / 12 Landings Floors, 13 Passenger], at GT Tower Bldg., in the campus of G T Hospital, at L. T. Marg, Mumbai.

**अंदाजित किंमत रुपये :** १,१५,६५,२९६/-

**ई-निविदा उपलब्ध कालावधी :-**दिनांक ३०.१०.२०२३ दुपारी १३.०० पासून ते दिनांक ०७.११.२०२३ रोजी दुपारी १३.०० वाजेपर्यंत

**ई- निविदा उघडणे व ठिकाण :-** दिनांक ०८.११.२०२३ रोजी दुपारी १४.०० नंतर अधीक्षक अभियंता (वि), मुंबई प्रादेशिक विदयुत मंडळ, सा.बां. विभाग मुंबई.

खालील संकेतस्थळावर ई-निविदांची सर्व माहिती उपलब्ध आहे.

१. **https://mahatenders.gov.in**
**(सदर निविदासूचनेमध्ये काही बदल होत असल्यास वरील वेबसाईटवरती कळविण्यात येईल.)**
2. कार्यकारी अभियंता दक्षिण मुंबई (विद्युत) विभाग, सा.बां.विभाग, मुंबई फोर्ट, मुंबई, कार्यालयातील सूचना फलक.
3. कामाच्या करारनाम्यात पोस्ट क्वॉलिफिकेशन क्रायटेरिया समाविष्ट केलेला आहे.

जा.क्र.-काअ/दमुविवि/नि.लि./५५३९/२०२३-२४
दिनांक :-२३.१०.२०२३

(संभाजी घोरपडे)
कार्यकारी अभियंता
दक्षिण मुंबई विद्युत विभाग,
सा.बां. विभाग, मुंबई.

डीजीआयपीआर आरओसी - २०२३-२४/ क्र-५/C४५०३

# भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति के पदाधिकारी पहुंचे शोक संवेदना व्यक्त किए

दिनाक 27/10/2023 को संस्था अध्यक्ष के नेतृत्व में ग्राम सभा रैभानीपुर में स्व०लालजी शर्मा के छोटे पुत्र रायसाहब शर्मा के दुखद निधन पर शोक संवेदना व्यक्त किए



तत्पश्चात बटाऊबीर सरायगुंजा में भारत शर्मा के दुखद निधन पर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त किए साथ में श्री दिनेश चंद्र शर्मा (संस्था अध्यक्ष ) श्री श्रीप्रकाश शर्मा (संस्था संरक्षक ) श्री अशोक शर्मा (कोषाध्यक्ष) श्री नंदवंशी शैलेंद्र शर्मा ( संस्था प्रभारी / मुख्य सचिव) श्री राम सजीवन शर्मा ( पट्टी नरेंद्र पुर) श्री पवन शर्मा , श्री विकास शर्मा ( बरईपार)नंदवंशी शैलेंद्र शर्मा संस्था प्रभारी/ मुख्य सचिव

## रामभवन शर्मा प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में आयोजित नाई समाज के विशाल रैली गोरखपुर में महाराष्ट्र मुंबई से अनिल शर्मा भी पहुचेगे

**मुंबई,** 04 नवंबर 2023 सहजनवा गोरखपुर प्रदेश अध्यक्ष श्री रामभवन शर्मा जी के नेतृत्व में एक विशाल महा रैली का आयोजन किया गया हैं जिसमे नाई समाज के पूरे उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यो से भी नाई समाज के समाज सेवक व नेता गण पहुंच रहे है प्रदेश अध्यक्ष रामभवन शर्मा से प्रेस विज्ञप्ति कर वार्ता हुआ पता चला हैं गोरखपुर में नाई समाज से एक लाख से भी ज्यादा नाई समाज के लोग पहुंच रहे



हैं , महाराष्ट्र मुंबई से अनिल शर्मा भी इस विशाल रैली में पहुंच रहे हैं।

## अमर यूनिसेक सैलून का कल्याण में प्रसिद्धि ठाकुर बिल्डर व अनिल शर्मा ने किया उद्धघाटन

**कल्याण,** अमर यूनिसेक सैलून का कल्याण में हुआ ओपनिंग जिसमे तमाम संगठन के लोग व समाज सेवक सम्मिलित हुए आने वाले मेहमानों का स्वागत अमर शर्मा वरिष्ठ समाज सेवक कल्याण ने किया और ओपनिंग में पहुंचे अनिल शर्मा ने कहा जब सही दिशा और दशा पे जोर देंगे कुछ नया आयाम को अंजाम मिलेगा !समाज के आर्थिक व्यवस्था को मजबूत बनाने पर जोर देंगे तो सामाजिक विकास की धारा बहुत तेजी से बढ़ेगा उदघाटन समारोह में सामिल हुए श्री प्रसिद्ध ठाकुर समाजसेवक एवं बिल्डर/श्रीअनिल शर्मा समाजसेवक ,श्री अमरनाथ शर्मा श्री योगेश निगम समाज सेवक श्री प्रमोद महले श्री कार्तिक शर्मा/अंकित शर्मा श्री प्रमोद कुमार शर्मा/श्याम शर्मा/चंद्रकेश



शर्मा श्री अभय गुप्ता श्री कर्पूरी ठाकुर श्री मंगल ठाकुर श्री मोहम्मद वसीम श्री उर्मिला शर्मा श्री प्रीति शर्मा श्री काजल शर्मा श्री करिश्मा गुप्ता श्री चंदन पाल व तमाम समाज सेवक व नेता गण सहभागी हुए।

## एडवोकेट राम कीर्ति शर्मा का तबियत खराब होने पर हॉस्पिटल में मिलने गए समाज के तमाम नेता गण

**जौनपुर,** भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति संस्था के संरक्षक तथा प्रेरणा स्रोत हम सभी के आदरणीय राम कीर्ति शर्मा एडवोकेट जो कि विगत दिनों अपने मुंबई यात्रा के दौरान किसी प्रकार से डेंगू रोग से पीड़ित हो गए बेहतर इलाज के लिए नईगंज स्थित मां तारा हॉस्पिटल में डॉक्टर राकेश सिंह के देखरेख में भर्ती हुए.संस्था के अध्यक्ष दिनेश शर्मा, संरक्षक प्रकाश शर्मा, शैलेंद्र शर्मा के अलावा दर्जनों की संख्या में शुभचिंतकों ने पहुंचकर वकील साहब का हाल-चाल जाना तथा शीघ्र स्वास्थ्य होने की शुभकामना दिया आप सभी लोगों की शुभकामनाओं की वजह से राम कीर्ति जी काफी बेहतर महसूस कर रहे हैं उनका प्लेटलेट भी डेढ़ लाख के आसपास पहुंच गया है शीघ्र ही डिस्चार्ज होकर अपने आवास पर स्वास्थ्य लाभ करेंगे.



## उत्तर प्रदेश सरकार में यह कैसा रामराज्य -डा0 विनोद शर्मा



अत्यन्त दुखद घटना भदोही थाना क्षेत्र के ग्राम सभा नेवादा कला जनपद भदोही के विकास शर्मा कि बहन नेहा शर्मा की अगवा कर तेजाब से जलाकर विभत्स रूप से हत्या कर दी गयी जिसके बाद उसका मृतक शरीर ग्राम पंचायत के तालाब में पाया गया । यह कैसा रामराज्य है उत्तर प्रदेश में? डा० विनोद कुमार शर्मा , राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष, जननायक कपूरीं ठाकुर सेवा समिति ने इस घटना की घोर निन्दा करते हुए मा.मुख्यमंत्री आदित्य योगी नाथ जी से मांग करते हैं की मृतक बेटी परिवार को सुरक्षा तथा न्याय मिले और दोषियों पर कठोर से कठोर कार्यवाही हो तथा पीड़ित परिवार को पचास लाख मुआवजा व एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी मिले ताकि न्याय हो अन्यथा समाज आंदोलन को बाध्य होगा ।

## देवी भंडारा में पहुंचे संस्था के पदाधिकारी....



आज दिनांक27अक्तूबर दिन शुक्रवार को भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति के पदाधिकारी बलुआ,मुरादपुर,बदलापुर में श्री हरिनाथ शर्मा जी के यहां देवी भंडारा में संस्था अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा के साथ पदाधिकारी और सदस्य पहुंचे वहां पर उपस्थित श्री प्रसाद शर्मा,डा. विवेक शर्मा,रामचंद्र शर्मा,पंचम राम शर्मा, मुन्नालाल शर्मा,शैलेंद्र शर्मा,विनोद शर्मा, अशोक कुमार शर्मा, विकास शर्मा तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## गनेशपुर में देवी दर्शन को पहुंचे संस्था के पदाधिकारी ......

भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति के पदाधिकारीयो ने



आज सोनहिता, गणेशपुर ग्राम सभा में पहुंचकर देवी का दर्शन किया। वहा एक अद्भुत चमत्कार देखने को मिला।नीम के पेड़ मे माता जी का चेहरा बना हुआ है कहा भी गया है कि नीम के पेड़ मे माता का वास होता है।सैकड़ों श्रद्धालु प्रति दिन आ रहे हैं।संस्था के दिनेश चंद शर्मा मुन्नालाल शर्मा श्री प्रकाश शर्मा शैलेंद्र शर्मा मनोज कुमार शर्मा नरेंद्र कुमार शर्मा पंचम राम शर्मा राजेंद्र शर्मा महेंद्र शर्मा मुकेश कुमार शर्मा पप्पू शर्मा ललित कुमार शर्मा तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे जय माता दी।

## भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति ब्लाक सुजानगंज का बैठक संपन्न .....

आज दिनांक28अक्तूबर दिन शनिवार को भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति के द्वारा ब्लाक सुजानगंज की बैठक शिव प्रकाश शर्मा उपकोषाध्यक्ष के द्वारा प्राथमिक विद्यालय गनेशपुर में बुलाई गई। जिसमे समाज के बहुत से लोग उपस्थित हुए।वहां पर संस्था अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा द्वारा समाज को एकजुट करने, जननायक कपूरीं ठाकुर जयंती समारोह मनाने,रक्तदान शिविर व समाज में हो रही घटनाओं के विषय पर चचाएं की गई।संस्था के मनोज कुमार शर्मा, शैलेंद्र शर्मा,पंचम राम शर्मा,ललित कुमार शर्मा, मुकेश कुमार शर्मा,नरेंद्र कुमार शर्मा ,पप्पू शर्मा, शिवप्रकाश शर्मा तमाम लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। मुन्ना लाल शर्मा,




श्री प्रसाद शर्मा राजेंद्र शर्मा,महेंद्र शर्मा,विकास शर्मा सैकड़ों पदाधिकारी वहां उपस्थित रहे।

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं. १ ३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com